# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-28.05.2025**

**विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त अंगद थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व मे थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-220/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त अंगद पुत्र साहब निवासी नियारडीह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-28.05.2025 को समय करीब 12.10 बजे दानगंज बार्डर थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार करते हुए, मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नबालिग पीड़िता/अपहृता की सकुशल बरामदगी की गयी। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 27.05.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने प्रतिवादी अंगद द्वारा उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला-फुसला कर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 सैय्यद महफूज आलम द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अंगद पुत्र साहब निवासी नियारडीह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 24 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

दानगंज बार्डर थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से, दिनांक 28.05.2025 को समय 12.10 बजे।

**बरामदगी का विवरण-** मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र 16 वर्ष बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1-मु0अ0सं0 220/2025 धारा 137(2), 87 बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. उ0नि0 सैय्यद महफूज आलम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. हे0का0 दीपक कुमार पाण्डेय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. म0का0 वैशाली यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**